भारत की प्रमुख झीलें

samanyagyan.com/hindi/gk-famous-lakes-of-india

भारत की प्रमुख झीलों की सूची: (List of Famous Lakes of India in Hindi)

झील किसे कहते है?

झील जल का वह स्थिर भाग है जो चारों तरफ से स्थलखंडों से घिरा होता है। झील की दूसरी विशेषता उसका स्थायित्व है। सामान्य रूप से झील भूतल के वे विस्तृत गड्ढे हैं जिनमें जल भरा होता है। झीलों का जल प्रायः स्थिर होता है। झीलों की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता उनका खारापन होता है लेकिन अनेक झीलें मीठे पानी की भी होती हैं। झीलें भूपटल के किसी भी भाग पर हो सकती हैं। ये उच्च पर्वतों पर मिलती हैं, पठारों और मैदानों पर भी मिलती हैं तथा स्थल पर सागर तल से नीचे भी पाई जाती हैं।

भारत में झीलों के प्रकार:

भारत में विभिन्न प्रकार की झीलें पायी जाती है, जिनके प्रकार निम्नलिखित है:-

- **विवर्तनिक झीलें:** भूभर्गिक हलचलों के कारण निर्मित झीलों को विवर्तनिक झीलों के अंतर्गत रखा जाता है। कश्मीर की वूलर झील तथा कुमायूँ हिमालय में स्थित अनेक झीलें ।
- **क्रेटर झील या ज्वालामुखी क्रिया से निर्मित झील:** शांत ज्वालामुखियों के वृहदाकार मुखों या क्रेटरों में जल भर जाने से ऐसी झीलों की उत्पत्ति होती है। इसका प्रमुख उदाहरण महाराष्ट्र के बुलढ़ाणा ज़िले की लोनार झील और अफ्रीका की विक्टोरिया झील है।
- **लैगून या अनूप झीलें:** चिल्का झील (उड़ीसा), पुलिकट झील (आंध्र प्रदेश), कोलेरू झील (आंध्र प्रदेश)
- **हिमानी द्वारा निर्मित झीलें:** ताजे या मीठे पानी की झीलें जिनमें नदियों के माध्यम से निरंतर ताजे जल का प्रवाह होता रहता है मीठे पानी की झीलें होती हैं क्योंकि इनमें विभिन्न प्रकार के लवणों का जमाव नहीं होने पाता है। कुमायूँ हिमालय की अधिकांश झीलें इसी प्रकार की हैं। इनके उदाहरण हैं: राकसताल, नैनीताल, सातताल, भीमताल, नौकुचिया ताल, खुरपाताल, समताल, पूनाताल, मालवाताल आदि।
- **वायु द्वारा निर्मित झीलें:** राजस्थान की सांभर, डीडवाना, पंचभद्रा, लूनकरनसर आदि।
- **भ्रंशन द्वारा बनी झीलें:** भूगर्भिक हलचलों के कारण धरातल के किसी भाग के नीचे धंस जाने या ऊपर उठ जाने से बनी बेसिनों में जल भर जाने के परिणामस्वरूप ऐसी झीलों का निर्माण होता है।
- **दरार घाटी झीलें:** धरातल की दो समानांतर दरारों के मध्यवर्ती भाग के नीचे धंस जाने एवं उसमें जल भर जाने के फलस्वरूप ऐसी झीलों का निर्माण होता है। इजरायल का मृत सागर इसका उदहारण है।
- **खारे पानी की झीलें:** जिन झीलों में बाहर से पानी आकर मिलता तो है किन्तु नकिलकर बाहर नहीं जाता है, वे प्रायः खारी झीलें होती हैं। कैस्पियन सागर विश्व की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

भारत की प्रमुख झीलें और संबंधित राज्यों की सूची

झील का नाम	सम्बंधित राज्य	महत्वपूर्ण तथ्य
अनंतनाग झील	जम्मू-कश्मीर	–
कोलेरू झील	आंध्र प्रदेश	–
खुरपाताल झील	उत्तराखंड	–
गोविंद सागर झील	पंजाब	1. यह भारत की सबसे कृत्रिम झील है। 2. यह सतलुज नदी पर बने भाखड़ा नांगल बांध से निर्मित हुई है।
चिल्का झील	ओडिशा	1. यह भारत की सबसे बड़ी झील है। 2. यह खारे पानी की एक लैगून झील है। 3. इस झील पर नौसेना का प्रसिक्षण केंद्र भी है।
जयसमंद झील	राजस्थान	–
डल झील	जम्मू-कश्मीर	–
डीडवाना झील	राजस्थान	यह थार मरुस्थल के पूर्वी हिस्से में खारे पानी की झील है।
देवताल झील	उत्तराखंड	–
नागिन झील	जम्मू-कश्मीर	–
नैनीताल झील	उत्तराखंड	–
नौकुछियाताल झील	उत्तराखंड	–
पंचपोख्री झील	उत्तराखंड	यह भारत की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित झील है।
पिछौला झील	राजस्थान	–
पुलीकट झील	तमिलनाडु	–

झील का नाम	सम्बंधित राज्य	महत्वपूर्ण तथ्य
फतेहसागर झील	राजस्थान	–
बेम्बानड झील	केरल	–
बैरीनाग झील	जम्मू-कश्मीर	–
मानस बल झील	जम्मू-कश्मीर	–
मालाताल झील	उत्तराखंड	–
राकसताल झील	उत्तराखंड	–
राजसमंद झील	राजस्थान	–
लुनकरनसर झील	राजस्थान	–
लोकटक झील	मणिपुर	–
लोनार झील	महाराष्ट्र	यह झील ज्वालामुखी उद्गार से बनी झील है।
वुलर झील	जम्मू-कश्मीर	यह भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।
शेषनाग झील	जम्मू-कश्मीर	–
सांभर झील	राजस्थान	यह थार मरुस्थल के पूर्वी हिस्से में खारे पानी की झील है।
सातताल झील	उत्तराखंड	–
हुसैनसागर झील	आंध्र प्रदेश	–

भारत की प्रमुख झीलों से जुड़ी रोचक जानकारी:

- कश्मीर की वूलर झील झेलम नदी पर बनी गोखुर झील मीठे पानी की झील है, यह भारत की मीठे पानी की सबसे बड़ी झील (The Largest Freshwater Lake) है।

- चिल्का झील खारे पनि की भारत की सबसे बड़ी झील है। इस लैगून झील में नौसेना का प्रशिक्षण केंद्र (Naval Lake Center) भी है।
- ज्वालामुखी क्रिया द्वारा निर्मित महाराष्ट्र के बुलढाना की लोनार झील एक क्रेटर झील (Crater Lake) है।
- उकाई (गुजरात) ताप्ती नदी पर स्थित मानव द्वारा निर्मित झील (Man-Made Lake) है.
- स्टेनले जलाशय तमिलनाडु में कावेरी नदी पर बने मेट्टूर बाँध के पीछे बनी झील है।
- बेम्बनाड झील (केरल) में वेलिंग्टन द्वीप है जहाँ पर नौकायान प्रतियोगिताएं भी होती हैं।
- कोलेरू झील कृष्णा और गोदावरी नदियों के बीच में स्थित है।
- पुलिकट झील आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य के सीमाई तट पर स्थित है।
- केरल की लैगून झीलों को स्थानीय रूप से कयाल कहते हैं।
- गोखुर झील का निर्माण नदियों द्वारा किया जाता है, दूसरे शब्दों में झेलम नदी ने ही वुलर झील का निर्माण किया है| वुलर झील एक गोखुर झील का उदाहरण है।
- राजस्थान राज्य की अधिकतर झीलें लवणीय हैं। राजस्थान राज्य की झीलों का निर्माण पवनों द्वारा हुआ है।
- राजस्थान की झीलों का लवणीय होना यह प्रमाणित करता है, कि यहाँ पर कभी टेथिस सागर रहा होगा जो अब एक अवशेष के रूप में बचा है, इसलिए इन झीलों का पानी खारा है।
- पूर्वोत्तर भारत की ताजे पानी की सबसे बड़ी झील लोकटक झील है, यह मणिपुर राज्य में स्थित है।
- मणिपुर राज्य में केबुललामजाओ नामक एक तैरता हुआ राष्ट्रीय पार्क स्थित है।
- तमिलनाडु राज्य में कावेरी नदी का जल रोककर स्टेनले झील का निर्माण किया गया है।

इन्हें भी पढे: विश्व के प्रसिद्द जलप्रपातो की सूची

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: चिल्का झील किस राज्य में स्थित है?

उत्तर: उड़ीसा में *(Exam - SSC STENO G-C Mar, 1999)*
प्रश्न: संसार की सबसे बड़ी झील कौन है?

उत्तर: वरूण ह्रद (कैस्पियन सी) *(Exam - SSC STENO G-C Mar, 1999)*
प्रश्न: भारत की प्रसिद्ध लैगून झील कौन-सा है?

उत्तर: चिलका झील *(Exam - SSC CGL Jul, 1999)*
प्रश्न: वर्ष 1999 में राष्ट्रीय उद्यान (पार्क) घोषित की गई, रुद्रसागर झील कहाँ स्थित है?

उत्तर: पश्चिम बंगाल में *(Exam - SSC SOC Dec, 2000)*
प्रश्न: भारत के किस राज्य में खारे जल (Brackish water) की सबसे बडी झील है?

उत्तर: उडीसा *(Exam - SSC CML May, 2001)*

प्रश्न: मानसरोवर झील कहाँ स्थित है?

उत्तर: तिब्बत में *(Exam - SSC CML May, 2002)*
प्रश्न: लोकटक झील, जिस पर जल-विद्युत परियोजना का निर्माण किया गया था किस राज्य में स्थित है?

उत्तर: मणिपुर *(Exam - SSC CGL Jul, 2008)*
प्रश्न: किस देश को 'हजार झीलों की भूमि' (Land of Thousand Lakes) कहा जाता है?

उत्तर: फिनलैंड *(Exam - SSC SI Sep, 2010)*
प्रश्न: झीलों के अध्ययन को क्या कहते हैं?

उत्तर: लिम्नोलॉजी *(Exam - SSC CGL Jul, 2012)*
प्रश्न: नागिन झील किस राज्य में स्थित है?

उत्तर: जम्मू एवं कश्मीर *(Exam - SSC MTS Mar, 2013)*

You just read: Bharat Ki Pramukh Jheelen, Sambandhit Raajy Aur Mahatvapoorn Tathyon Ki Suchi